यूपी-112 वाहनों में सदैव रखें दंगा नियंत्रण उपकरण : एसपी

दिश वाहक न्यूज

श्रावस्ती। शुक्रवार को पुलिस धीक्षक प्राची सिंह द्वारा पुलिस ाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ेकर परेड का बारीकी से निरीक्षण िया गया। निरीक्षण के पश्चात ुलिस अधीक्षक ने शारीरिक एवं ानसिक रूप से फिट रहने के लिए रेड को दौड़ लगवाई। परेड में ़करूपता व अनुशासन बनाए रखने े लिए टोलीवार तथा एक.एक कर ड्रल करायी। इस दौरान पुलिस धीक्षक ने ड्रिल को और बेहतर रीके से कराने के लिए प्रभारी तिसार निरीक्षक लाइन को निर्देशित िया। यूपी.112 के दो पहिया तथा ार पहिया वाहनों का निरीक्षण कर

● पुलिस लाइन में परेड निरीक्षण के दौरान एसपी ने दिए निर्देश

वाहन में दंगा नियंत्रण उपकरण रखने का निर्देश दिया। इस दौरान एसपी ने यूपी.112 कार्यालय व कंट्रोल रूम में चल रहे नव निर्माण कार्यो का भी जायजा लिया। साथ हीं क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर, जिम हॉल आदि का भी निरीक्षण किया। आरक्षी बैरक तथा पुलिस लाइन आवास के आस-पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबेए क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा, प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

एसपी ने ली रैतिक परेड की सलामी

श्रावस्ती। रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में शुक्रवार को एसपी ने रैतिक परेड की सलामी ली। उन्होंने पीआरवी वाहनों सहित पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिलीं खामियां दुरुस्त करने के लिए आरआई को दिशा-निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने शुक्रवार सुबह रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा पहुंच कर रैतिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने यूपी-112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया। इस दौरान मिली खामियां दूर करने के लिए प्रभारी यूपी-112 को निर्देश दिया। इस दौरान सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे, जमुनहा सतीश कुमार शर्मा, प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक आदि मौजूद रहे। संवाद